आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 05.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

1. अंडमान लोक निर्माण विभाग के नव–नियुक्त मुख्य अभियंता इंजीनियर प्रीजीत रेख ने कहा कि जलापूर्ति और सड़क उनकी प्राथमिकताओं में से एक है।
2. तीन नए आपराधिक कानून के बारे में तटीय सुरक्षा से जुड़े लोगों को जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।
3. सी.सी.टी.एन.एस. प्रगति डैसबोर्ड में केन्द्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को एक बार फिर पहला स्थान मिला है।
4. रियर एडमिरल बिप्लब हूटा ने अंडमान निकोबार कमान में चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यभार संभाल लिया है।
5. केन्द्र ने कई फर्जी और धोखाधडी वाले ई–मेल के विरूद्ध चेतावनी जारी की है।

<><><><><><><>

इंजीनियर प्रीजीत रेख ने अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता का कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद कल आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में उन्होंने कहा कि सड़क और जलापूर्ति उनकी प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए कई दीर्घकालिक योजना भी बनाई गई है। लम्बा लाईन क्षेत्र में सड़कों की खस्ता हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मौसम साफ होते ही अस्थाई काम शुरू हो जाएगा। इस क्षेत्र के लिए भी दीर्घकालिक योजनाएं हैं, जिसे अमल में लाया जाएगा।

<><><><><><><>

तीन नए आपराधिक कानून के बारे में तटीय सुरक्षा से जुड़े लोगों को जानकारी देने के लिए हाल ही में पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस मरीन बल की उप–पुलिस महानिरीक्षक वर्षा शर्मा और अन्य अधिकारियों की निगरानी में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि इन नए कानूनों में ज़ीरो एफ आई आर दर्ज करने की सुविधा के साथ कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध है, ताकि पीड़ित और दूसरे पक्ष को भी सही जानकारी मिल सके। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस मनोरंजन टीम की ओर से नए

कानून को दर्शाती नुक्कड़–नाटक का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तटीय सुरक्षा हितधारकों और मछुआरा समुदाय के बीच आपसी समन्वय को मजबूती प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान वीरा स्वामी और एस. यू महेश्वर नामक दो मछुआरों को प्रमाणपत्र भी दिए गए।

<><><><><><><>

सी.सी.टी.एन.एस. प्रगति डैशबोर्ड में केन्द्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को एक बार फिर पहला स्थान मिला है। पिछले वर्ष जुलाई से इस वर्ष मई तक द्वीपसमूह को चौंथी बार यह उपलब्धि मिली है। सी.सी.टी.एन.एस. गृह मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे महीने के आधार पर प्रगति डैशबोर्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय की ओर से निगरानी की जा रही है। सी.सी.टी.एन.एस. प्रगति डैशबोर्ड राष्ट्रीय पैमाने पर अपराध डेटा के प्रबंधन और उनके खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे अपराध की रोकथाम के प्रबंधन और खोज उपायों के कियान्वयन में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की दक्षता, विकास, प्रदर्शन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पहली जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों में भी सी. सी.टी.एन.एस. की नई और सुधारात्मक संस्करण को शामिल किया गया है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कल कहा कि 2025 तक विश्व, अंतरिक्ष और गहरे समुद्र में पहले भारतीय के पहुंचने का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि चार अंतरिक्ष यात्रियों में तीन ग्रुप कैप्टन और एक विंग कमांडर को भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन, गगनयान के लिए चुना गया है। समुद्र के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर डॉक्टर सिंह ने कहा कि भारत के गहरे समुद्र के अभियान में 2025 तक तीन भारतीयों को भेजा जाएगा।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। द्वीपवासियों के कल्याण के लिए इसमें अब मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। यह प्रयास द्वीपवासियों को रोज़गार के लिए नए अवसर प्रदान करेगा और इससे न सिर्फ आर्थिक स्थिरता आएगी, बल्कि सतत् जीविकोपार्जन के अवसर भी उपलब्ध होंगे। योजना को लागू करने और इसके लाभ के बारे में जानकारी देने के लिए अंडमान निकोबार खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि प्रतिभागियों का कौशल

विकास हो सके और उन्हें मुर्गी, दुग्ध और बकरी पालन के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित हो सके। अट्ठारह से पैंतालीस वर्ष के इच्छुक लाभार्थी प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन उद्योग विभाग के निदेशक तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य सचिव के पास ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ सीधे मिडिल प्वाइंट स्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय के अलावा उद्योग विभाग के नजदीकी विस्तार कार्यालयों या डाक के माध्यम से पन्द्रह जुलाई तक जमा किया जा सकता है। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक लोग ही आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद प्रशिक्षणार्थियों को इकाई स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्र ने कई फर्जी और धोखाधडी वाले ई–मेल के विरूद्ध चेतावनी जारी की है। इन ई–मेल को केन्द्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो, दिल्ली के साइबर अपराध और आर्थिक अपराध ईकाई तथा साइबर सेल से भेजे जाने का दावा किया जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इनमें लोगों पर बाल और साइबर पोर्नोग्राफ़ी, पीडोफिलिया और यौन प्रदर्शन के आरोप लगाए गए हैं। इस प्रकार के ई–मेल पाने वाले लागों को इसकी सूचना पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन को देनी चाहिए।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2024–25 से कक्षा तीन और छह में नई पाठ्यपुस्तकें लाई जाएंगी। शिक्षा मंत्रालय ने बताया है कि पाठ्यपुस्तकों की तैयारी का कार्य अंतिम चरण में है और कक्षा तीन और छह की नौ पाठ्यपुस्तकें पहले से ही उपलब्ध हैं। शेष आठ पाठ्यपुस्तकें बहुत जल्द उपलब्ध होंगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। मौसम विभाग से पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों में कई स्थानों पर सात से ग्यारह सेंटीमीटर वर्षा होने की संभावना है। मछुआरों के लिए कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>